Greater Noida West : नकली पनीर के कारोबार का खुलासा, मालिक ने किया खरीदारों को धमकाने का प्रयास

Greater Noida West : ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्टेलर जीवन सोसायटी के पास ऐमनाबाद स्थित जेएस स्वरूप मार्केट में नकली पनीर की बिक्री का मामला सामने आया है। इस घोटाले का शिकार बने गौरव यादव ने इस गड़बड़ी को उजागर किया है, जिसके बाद उन्हें लगातार धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। नकली पनीर विक्रेताओं ने पहले तो गौरव को नकली पनीर बेचकर धोखा दिया, लेकिन जब गौरव ने इस गोरखधंधे का पर्दाफाश किया तो उन पर मामले को दबाने के लिए तरह-तरह के दबाव बनाए जाने लगे हैं। मिलने के लिए बनाया जा रहा दबाव गौरव यादव ने बताया कि नकली पनीर बेचने का विरोध करने के बाद उनके पास कई दबंग व्यक्तियों के फोन आने लगे जो उन्हें मिलने के लिए दबाव डाल रहे हैं। गौरव ने बताया कि उन्होंने वह नकली पनीर अभी भी अपने फ्रिज में रखा हुआ है, जिसे वह जल्द ही सैंपल के रूप में अधिकारियों को सौंपेंगे, जिससे इस गड़बड़ी को साबित किया जा सके। रक्षाबंधन पर नकली पनीर की धड़ल्ले से बिक्री यह घटना तब और गंभीर हो जाती है, जब यह सामने आया कि रक्षाबंधन के मौके पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में नकली पनीर की जमकर बिक्री हुई थी। प्रशासन ने भले ही दावा किया हो कि खराब और नकली मिठाई और खाने की सामग्री को नष्ट कराया गया है, लेकिन इस दावे के विपरीत बड़े पैमाने पर नकली पनीर का कारोबार किया गया, जिससे हजारों लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। लोगों के स्वास्थ्य पर संकट गौरव यादव ने बताया कि पनीर विक्रेता की थोक की दुकान है, जहां से आस-पास के सैकड़ों रेस्टोरेंट में पनीर की सप्लाई की जाती है। इस पनीर को विभिन्न रेस्तरां और होटलों में ग्राहकों को परोसा जा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। नकली पनीर का यह व्यापार लाखों लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

Source: https://tricitytoday.com/greater-noida-west/fake-paneer-scam-in-greater-noida-west-59207.html